सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority

ज्येष्ठ 16, सोमवार, शाके 1944-जून 6, 2022
Jyaistha 16, Monday , Saka 1944- June 6, 2022

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

पशुपालन विभाग

राजस्थान राज्य पशु चिकित्सा परिषद, टोंक रोड़, जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, मई 31, 2022

एफ.( )/दवा प्रकोष्ठ/RSVC-चुनाव/22-23/3788 :— राजस्थान के समस्त पशु चिकित्सा व्यवसायी, जो राजस्थान राज्य पशु चिकित्सा परिषद् में पंजीकृत हैं, को सूचित किया जाता है कि राजस्थान राज्य पशु चिकित्सा परिषद् के गठन हेतु 04 सदस्यों का चयन किया जाना है, जिसकी अधिसूचना दिनांक 27.07.2021 को जारी की जा चुकी है। उक्त सदस्यों के चुनाव संलग्न तालिका में क्र. सं. 01 से 14 तक अंकित उम्मीद्वारों में से किये जाने हैं। इन उम्मीदवारों में से प्रत्येक मतदाता द्वारा चार उम्मीदवारों का चयन राजस्थान राज्य पशु चिकित्सा परिषद् के ऑनलाईन वोटिंग सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है। ऑनलाईन वोटिंग की प्रक्रिया का विवरण, राजस्थान राज्य पशु चिकित्सा परिषद् की वेबसाईट पर प्रदर्शित किया गया है।

राजस्थान राज्य पशु चिकित्सा परिषद् के चार सदस्यों के चुनाव हेतु अंतिम मतदाता सूची राज्य पशु चिकित्सा परिषद् नियम, 1988 के नियम 3, उपनियम 6 (IV) के अनुरूप दिनांक 08.10.2021 की स्थिति की अन्तिम मतदाता सूची राजस्थान राज्य पशु चिकित्सा परिषद्, जयपुर के कार्यालय में तथा परिषद् की आधिकारिक वेबसाईट http://rajvetcouncil.in पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है। इस मतदाता सूची में सम्मिलित पंजीकृत पशु चिकित्सा व्यवसायी, जिनके मोबाईल नम्बर सूची में अंकित हैं, ऑनलाईन वोटिंग हेतु पात्र होंगे।

ऑनलाईन वोटिंग दिनांक 20.06.2022 (सोमवार) समय 12:00 PM से दिनांक 22.06.2022 (बुधवार) को 12:00 PM की अवधि में की जा सकेगी। ऑनलाईन वोटिंग के लिये मतदान हेतु लिंक इस अवधि में राजस्थान राज्य पशु चिकित्सा परिषद् की अधिकारिक वेबसाईट के होमपेज पर उपलब्ध रहेगा। मतदान उपरान्त मतों की गणना/परिणाम की घोषणा दिनांक 22.06.2022 को 12:15 बजे सेमीनार हॉल, राजस्थान राज्य पशु चिकित्सा परिषद् कार्यालय, पशुधन भवन परिसर, टोंक रोड़, जयपुर मे की जावेगी।

उम्मीदवारों की सूची

क्र.सं.	उम्मीदवार का नाम	उम्मीदवार की पंजीयन संख्या	नामांकन पत्र मे अंकित उम्मीदवार का पता
1.	डॉ. बरखा गुप्ता	2982	141/सी/306, रामकृष्ण अपार्टमेंट, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान-302020
2.	डॉ. दिनेश सिंह नेहरा	2708	जस्सी का बास, नीम का थाना, जिला-सीकर, राजस्थान-332714
3.	डॉ. मदन सिंह शेखावत	34	ई-11, प्रेम नगर, झोटवाड़ा, जयपुर, राजस्थान-302012

4.	डॉ. मनीषा मेहरा	3704	डी-8, वेटरनरी स्टाफ क्वार्टर्स, दीनदयाल सर्किल के पास, जिला-बीकानेर, राजस्थान-334001
5.	डॉ. नमो नारायण मीणा	5275	ग्राम/पोस्ट-रतियापुरा, तहसील-मासलपुर, जिला-करौली, राजस्थान-322242
6.	डॉ. पदम चन्द कानखेड़िया	1655	म.न. 968, राम नगर, शास्त्री नगर, जयपुर, राजस्थान
7.	डॉ. प्रदीप सारस्वत	616	ए-119, दादूदयाल नगर, जयपुर
8.	डॉ. राजेश कुमार	5351	गॉव-बासरा, तहसील-मकराणा, जिला- नागौर, राजस्थान-341502
9.	डॉ. सतपाल यादव	2047	ग्राम/पोस्ट-नीमराना, जिला-अलवर, राजस्थान-301705
10.	डॉ. शशि चौधरी	5204	ग्राम-वनस्थली, वनस्थली विद्यापीठ, शहर-निवाई, जिला-टोंक, राजस्थान-304022
11.	डॉ. शवर सिंह गुर्जर	5887	ग्राम/पोस्ट-निसुरा, तहसील-टोडाभीम, जिला-करौली, राजस्थान
12.	डॉ. सुमेर सिंह रावत	3007	म.नं. 1, सी-6, संजय गांधीनगर-बी, जिला-कोटा
13.	डॉ. सुरेश कुमार	2765	ग्राम-रसोडा, पोस्ट-भीमसर, जिला-झुंझूनू, राजस्थान-333001
14.	डॉ. सुरेश कुमार झीरवाल	2351	बी-23, सुरजपुरा, के.के. कॉलोनी, जिला-बीकानेर, राजस्थान-33400

डॉ. सुरेश चन्द मीणा,
रिटर्निंग ऑफिसर एवं
अतिरिक्त निदेशक (दवा प्रकोष्ठ),
निदेशालय पशुपालन, राजस्थान,
जयपुर।

राज्यपाल की आज्ञा से,
कश्मी कौर,
शासन उप सचिव।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।